# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय


समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226 007

वेब-साइट: www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128


शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

NIPUN BHARAT

सेवा में,

1– **प्राचार्य**
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2– **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– गुण0वि0 / शिक्षक संकुल / 7135 /2023–24 दिनांक: 08 सितम्बर, 2023

**विषय माह सितंबर 2023 की शिक्षक संकुल बैठक हेतु एजेन्डा एवं Monthly Tasks प्रेषित करने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

आप अवगत हैं कि राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– गुण०वि० /निपुण भारत /1624/ 2023–24 दिनांक 09 मई 2023 द्वारा शिक्षक संकुल के विद्यालयों को दिसम्बर 2023 तक निपुण विद्यालय का लक्ष्य प्राप्त किये जाने के संबंध में निर्देश प्रेषित किये गये हैं। उक्त के संबंध में जनपद के समस्त शिक्षक संकुल द्वारा प्रभावी प्रदर्शन करते हुये शिक्षक संकुल विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त किये जाने के दृष्टिगत राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रतिमाह शिक्षक संकुल बैठक के आयोजन हेतु एजेण्डा एवं Monthly Tasks प्रेषित किये जा रहे हैं। तत्क्रम में माह सितम्बर, 2023 की शिक्षक संकुल बैठकों के गुणवत्तापूर्ण आयोजन हेतु निम्नवत् निर्देशित किया जाता है :–

1. शिक्षक संकुल बैठकों का **माह सितम्बर, 2023 में संलग्न एजेण्डा के अनुसार** कमवार प्रत्येक विद्यालय में आयोजन सुनिश्चित किया जाये।
2. मासिक शिक्षक संकुल बैठक में सभी शिक्षकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये तथा बैठक में प्रस्तुतीकरण करने वाले शिक्षकों का रोस्टर बैठक से **एक सप्ताह पूर्व** जारी किया जाये।
3. बैठक में शिक्षकों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये Whatsapp ग्रुप/दूरभाष के माध्यम से बैठक की सूचना एवं एजेण्डा आदि का प्रचार प्रसार किया जाये।
4. प्रत्येक ए.आर.पी द्वारा **न्यूनतम एक शिक्षक संकुल बैठक** में प्रतिभाग किया जाये एवं निपुण विद्यालय बनाये जाने हेतु निपुण टूलकिट पर विस्तृत चर्चा की जाये। ए.आर.पी. द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत में निपुण लक्ष्य हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को चिन्हित करते हुए शिक्षक संकुल की बैठक में सम्मानित किया जाये।
5. समस्त शिक्षक संकुल द्वारा माह सितंबर, 2023 में निम्नलिखित Monthly Tasks पूर्ण किये जाने हैं :–
   - समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय को माह दिसम्बर, 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने हेतु 05 **पॉइंट टूलकिट** का उपयोग सुनिश्चित किया जाये **(संलग्न)।**
   - समस्त शिक्षकों को **निपुण लक्ष्य ऐप** पर लॉगिन करने व छात्रों का आकलन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।
   - समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने न्याय पंचायत के समस्त प्रधानाध्यापकों को **निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर** का नियमित उपयोग करने के लिये प्रेरित किया जाये।

- समस्त शिक्षकों को प्रेरणा पोर्टल से **डिजिटल संदर्शिका** के माध्यम से कक्षाओं में नियमित कक्षा–शिक्षण हेतु प्रोत्साहित किया जाये।
- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा डेटा आधारित अनुश्रवण सुनिश्चित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी, ए.आर.पी एवं शिक्षक संकुल को आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश प्रदान किये जायें।

उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अपने जनपद के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करें, **जिससे कि शिक्षक संकुल विद्यालयों को दिसम्बर, 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।**

**संलग्नक–उक्तवत्।**

**भवदीय,**

**(विजय किरन आनन्द)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

**पत्रांकः गुण० वि०/शिक्षक संकुल/** 7135 **/2023–24 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0,लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
9. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), जिला परियोजना कार्यालय, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
10. गार्ड फाइल।

**(विजय किरन आनन्द)**
**महानिदेशक, स्कूल शिक्षा**

# शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा - सितंबर, 2023

| सत्र | पहलू | विवरण | किसके दवारा | टिप्पणी | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **शुभारम्भ** | बैठक के वातावरण को सहज एवं सीखने-सिखाने के लिए अनुकूल बनाना | नोडल शिक्षक संकुल/ ए०आर०पी० | 1. बैठक में सभी प्रतिभागी समय से पहुँचें। किसी भी चर्चा के दौरान गोलाकार बैठें<br>2. नोट बुक एवं पेन साथ रखें एवं बैठक के दौरान आवश्यक सुझावों को लिखते रहें<br>3. बैठक की शुरुआत एक कविता, गीत या गेम से करें जिसमें सब भागीदार बनें ताकि एक सकारात्मक एवं सहज माहौल बन सके | 5 मिनट |
| 2 | **पृष्ठभूमि** | जिला स्तरीय बैठक से संकुल बैठक को सुमेलित करना | ए०आर०पी० | पिछली जिला स्तरीय मीटिंग के मुख्य बिन्दुओं को सभी के साथ साझा करना | 5 मिनट |
| 3 | **सन्दर्भ** | ब्लॉक स्तरीय शिक्षक संकुल के साथ की गई तैयारी बैठक के निर्णयों से परिचय एवं संकुल बैठक के उद्देश्य से परिचय | नोडल शिक्षक संकुल | 1. पिछले शिक्षक संकुल बैठक के मुख्य बिन्दुओं/ चुनौतियों पर किए गए कार्य पर चर्चा/ लिए गए निर्णयों की समीक्षा और उसके अनुसार प्राथमिकताओं का निर्धारण करना<br><br>2. शिक्षक प्रशिक्षण/दीक्षा प्रशिक्षण मॉड्यूल व Quiz में शिक्षकों की प्रगति पर चर्चा करना, जैसे- पिछले शिक्षक प्रशिक्षण/दीक्षा प्रशिक्षण के 2-3 मुख्य बिंदु बताएँ जो आपके लिए नया था ? पिछले शिक्षक प्रशिक्षण/दीक्षा प्रशिक्षण के बाद आपने अपनी कक्षा में क्या नया करने का प्रयास किया है? आदि<br><br>3. संबंधित माह की शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो को सभी शिक्षकों के साथ देखना एवं वीडियो के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करना, जैसे क्या आप दिखाए गए निर्देश/टूल्स का कक्षा में उपयोग करते हैं, कैसे? आदि | 10 मिनट |
| 4 | **अकादमिक प्रयासों की शेयरिंग** | शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर करने के लिए किए गए प्रयासों को साझा करना | शिक्षकों द्वारा | 1. बैठक में उपस्थित शिक्षकों/ ए.आर.पी द्वारा पिछली बैठक की योजना के सापेक्ष किये गये शिक्षण संबंधी प्रयासों, शिक्षण पद्धतियों/ रोचक गतिविधियों/ नए TLM के प्रयोग आदि को सभी के साथ साझा करना<br><br>2. बच्चों द्वारा किये गए कार्यों का सैंपल/ वीडियो आदि साझा करना<br><br>3. उपर्युक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा कक्षाकक्ष में बच्चों के साथ सफलता के अनुभव को साझा करना<br><br>***(नोट- सभी शिक्षक इस चर्चा में अनिवार्य रूप से भाग लें और किये गये प्रयासों के अभिलेख भी साझा करें )*** | 20 मिनट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | **शिक्षण योजना का निर्धारण /निर्माण** | **कक्षा 1-3**<br>आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (2023-24) से आगामी माह के लिए शिक्षण योजनाओं का निर्माण एवं चर्चा<br><br>**कक्षा 4-8**<br>निपुण लक्ष्य एवं पाठ्यपुस्तक को केंद्र में रखकर आगामी माह के लिए विषयवार शिक्षण योजनाओं का निर्माण | **समूह कार्य :**<br><br>1.कक्षा 1-3 के शिक्षकों के समूह<br><br>2. कक्षा 4-5 के शिक्षकों के समूह<br><br>3. कक्षा 6-8 के शिक्षकों के समूह | **संदर्शिका व TLM की सहायता से आगामी माह की थीम और सम्बंधित लर्निंग आउटकम की पहचान कर आवश्यक गतिविधियाँ सूचीबद्ध की जाएँ। लर्निंग आउटकम और गतिविधियों की यह सूची और चिन्हित थीम संकुल स्तरीय अकादमिक योजना होगी। इससे सामग्री चुनकर दैनिक शिक्षण योजनाएँ विकसित की जा सकती हैं।**<br><br>**कक्षा 1-3 के शिक्षकों के समूह :**<br>1. निर्धारित मासिक प्राथमिकताओं/ विषयों से संबंधित शिक्षण योजनाओं को उप समूहों में बनाया जाय एवं इसके क्रियान्वयन पर चर्चा करना।<br>2. साप्ताहिक शिक्षण चक्र पर चर्चा करना।<br>3. चर्चा के पश्चात् बड़े समूह में चर्चा के मुख्य बिन्दुओं को साझा करना ।<br>*(नोट: कक्षा 1-3 के लिए निर्धारित मासिक प्राथमिकताएं एजेंडा के अंत में उल्लिखित हैं)*<br><br>**कक्षा 4-8 के शिक्षकों के समूह :**<br>1. विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण योजनाओं को उप समूहों में निर्माण करना एवं इसके क्रियान्वयन पर चर्चा करना।<br>2. चर्चा के पश्चात् बड़े समूह में चर्चा के मुख्य बिन्दुओं को साझा करना | 20 मिनट (10-15 मिनट शिक्षण योजना का पठन/निर्माण एवं 10 मिनट प्रस्तुतीकरण ) |
| 6 | **शिक्षण योजना क्रियान्वयन हेतु उपकरण निर्माण/ प्रस्तुतीकरण** | **कक्षा 1-3**<br>आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका (2023-24) से आगामी माह के लिए तैयार शिक्षण योजनाओं का प्रस्तुतीकरण और आकलन प्रपत्र बनाना<br><br>**कक्षा 4-8**<br>आगामी माह में उपयोग किए जाने वाले शिक्षण उद्देश्यों/ शिक्षण योजनाओं के आधार पर TLM तैयार करना एवं प्रस्तुतीकरण | **समूह कार्य :**<br><br>1.कक्षा 1-3 के शिक्षकों के समूह<br><br>2. कक्षा 4-5 के शिक्षकों के समूह<br><br>3. कक्षा 6-8 के शिक्षकों के समूह | **कक्षा 1-3 के शिक्षकों के समूह :**<br>1. पिछले खंड में तैयार की गई शिक्षण योजनाओं से सम्बन्धित कार्यपत्रक और आकलन पत्रक उपसमूह में बनाना एवं प्रस्तुतीकरण की तैयारी करना।<br>2. बड़े समूह में प्रस्तुतीकरण करना<br>*(नोट: कक्षा 1-3 के लिए निर्धारित मासिक प्राथमिकताएं एजेंडा के अंत में उल्लिखित हैं)*<br><br>**कक्षा 4-8 के शिक्षकों के समूह :**<br>1. पिछले खंड में बनायी गई शिक्षण योजनाओं या निर्धारित शिक्षण उद्देश्यों को केंद्र में रखकर TLM बनाना (जैसे- कार्य पत्रक निर्माण, कहानी लेखन, विज्ञान संबंधी मॉडल का निर्माण आदि) तथा उप समूहों में तैयारी करना<br>2. बड़े समूह में प्रस्तुतीकरण करना<br><br>**प्रस्तुतीकरण से संबंधित मुख्य बातें :**<br>1. प्रस्तुतीकरण के लिए सभी समूहों को 3- 4 मिनट का समय मिलना चाहिए<br>2. प्रस्तुतीकरण/डेमान्स्ट्रेशन के उपरांत शिक्षक बड़े समूह में प्रस्तुतीकरण पर अपने अवलोकन (सकारात्मक बिंदु एवं सुझाव) साझा करें | 20 मिनट (10-15 मिनट शिक्षण योजना का पठन/निर्माण एवं 10 मिनट प्रस्तुतीकरण ) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | **मासिक विषय आधारित चर्चा** | **अगस्त, 2023 का विषय :**<br>NAT परीक्षा व निपुण लक्ष्य एप के द्वारा छात्रों का आकलन | सभी कक्षा 1-8 के शिक्षकों द्वारा | **इस प्रक्रिया में बैठक में सम्मिलित सभी कक्षा 1-8 तक शिक्षक सम्मिलित हों :**<br>1. NAT परीक्षा के आयोजन के पश्चात समस्त सदस्य अपने विद्यालयों की प्रदर्शन के बारे में चर्चा करें<br>2. NAT परीक्षा के पश्चात आप अपने विद्यालय की शिक्षण योजना में क्या बदलाव लाएंगे?<br>3. बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से निपुण लक्ष्य एप पर लॉगिन करवाएँ | 10 मिनट |
| 8 | **टीम बिल्डिंग गतिविधि** | **TLM निर्माण प्रतियोगिता** | सभी कक्षा 1-8 के शिक्षकों द्वारा | **इस प्रक्रिया में बैठक में सम्मिलित सभी कक्षा 1-8 तक शिक्षक सम्मिलित हों :**<br>1. समस्त शिक्षकों द्वारा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाएँ जाने हेतु उपयोग में आने वाले TLM का निर्माण किया जाए<br>2. सबसे प्रभावशाली TLM बनाने वाले व्यक्ति को विजेता घोषित किया जाए | 15 मिनट |
| 9 | **जिज्ञासा/नई सीख** | समूह के प्रश्नों का समाधान और अनिस्तारित प्रश्नों का संकलन | ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल | 1. शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय या कक्षा के स्तर की चुनौतियों को साझा करना : समस्या किसी भी प्रकार की हो सकती है जैसे : विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के तरीके, कक्षा में उपस्थिति बढ़ाने के तरीके इत्यादि<br>2. शिक्षक संकुल एवं अन्य शिक्षकों द्वारा प्रश्नों का प्रासंगिक एवं व्यवहारिक समाधान सुझाया | 10 मिनट |
| 10 | **निष्कर्ष एवं संकलन** | बैठक के निष्कर्ष एवं निर्धारित कार्ययोजना पर चर्चा | ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल | 1. कार्ययोजना क्रियान्वयन हेतु संकुल शिक्षक विद्यालय को उदाहरण के रूप में आह्वान करना<br>2. ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल द्वारा शिक्षण योजनाओं को आधार बनाकर कार्य करने, आकलन एवं पीछे छूट रहे बच्चों के साथ रेमिडियल कार्य नियमित रूप से करने, बच्चों को समूह, जोड़ों एवं व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के पर्याप्त मौके देने पर बल देना।<br>3. **शिक्षक संकुल द्वारा DCF भरना** | 5 मिनट |

**याद रहे कि शिक्षक संकुल NIPUN Bharat Mission की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी शिक्षकों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए आपकी तैयारी, शिक्षण सामग्री की समझ एवं आपके सुझावों की परिपक्वता अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी।**